एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो

एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो,
मिलना उसी का नाम है फुर्सत से गर मिलो.....

हम जैसे भी है सांवरे तेरे मुरीद हैं,
अवगुण हमारे सांवरे करके दया ढको,
एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो.....

आये नहीं की चल दिए आना नहीं है ये,
आना तो उस का नाम है मिलकर जुड़ा ना हो,
एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो.....

माना की मुझमे भक्तों सी कोई कशिश नहीं,
एक बार प्यारे सांवरे इस दिल की भी सुनो,
एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो......

नरसी के सेठ सांवरे मीरा के श्याम हो,
मुझको भी श्याम प्रेम में बांधो की या बँधो,
एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो.....

मैंने तो इश्क़ सांवरे तुमसे बढ़ा लिया,
नंदू कन्हैया तुम भी तो आगे ज़रा बढ़ो,
एक बार तो कन्हैया हम जैसों से मिलो.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28062/title/ek-baar-to-kanhayia-hum-jaiso-se-milo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |